Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding river linking project in Bundelkhand region.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर, जो बुंदेलखंड के अंतर्गत आता है, मैं लम्बे समय से आपके संरक्षण में अपने बुंदेलखंड के लिए पानी की मांग करता रहा । मैं सर्वप्रथम माननीय प्रधान मंत्री जी का अपनी जनता की तरफ से दिल से आभार प्रकट करता हूं । अर्जुन सहायक परियोजना से मेरे संसदीय क्षेत्र में 60 हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित हुई है और लगभग चार लाख लोगों को डायरेक्ट उससे तीन गुणा, चार गुणा खेती के उत्पादन में वृद्धि हुई है । मैं उसके लिए आभार प्रकट करता हूं ।

दूसरा, मैं सदन में आपके संरक्षण में 'केन-बेतना रिवर लिंकिंग नदी जोड़ो' का संकल्प लेकर आया था, जो 17वीं लोक सभा का पहला संकल्प था, जिसमें आपके संरक्षण में लगभग नौ महीने तक चर्चा चली थी । जल शक्ति मंत्री जी ने यह बोला था कि यह संकल्प अब माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प होगा । मैं प्रतिनिधि होने के नाते, बहुत अभिभूत होकर माननीय प्रधान मंत्री जी की सराहना करता हूं कि उन्होंने केन-बेतना रिवर लिंकिंग प्रोजेक्ट के लिए 44,650 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं । उसके माध्यम से हमारे यहां साढ़े दस लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित हो रही है । मैंने सदन में हमेशा मांगा है और मेरे संसदीय क्षेत्र को बहुत कुछ प्राप्त हुआ है । मैं बुंदेलखंड के प्यासे, भूखे, गौवंश और किसानों के लिए पानी की उपलब्धता के लिए दिल से सरकार का आभार प्रकट करता हूं, इसलिए आज मैं कुछ नहीं मांगता हूं ।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री राजेन्द्र धेड्या गावित – उपस्थित नहीं ।

प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं ।

श्रीमती कविता सिंह ।